Patrika (Indore), 28th April 2026, Page –03

57 केन्द्रों पर 23 हजार से ज्यादा उम्मीदवार

नीट यूजी परीक्षा 3 को : बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर बसों की सुविधा

इंदौर @ पत्रिका. नीट यूजी परीक्षा 3 मई को देशभर में आयोजित की जाएगी। शहर में 57 केंद्रों पर परीक्षा होगी, जिसमें 23160 उम्मीदवार शामिल होंगे।

तैयारियों की समीक्षा के लिए सोमवार को उच्च स्तरीय बैठक की गई। इसमें कलेक्टर ने बताया, परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए एआइसीटीएसएल की बसें चलाई जाएंगी। ये बसें सुबह 9 बजे से रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से मिलेंगी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए इसके चार रूट तय किए गए हैं, जिनसे बसें सांवेर, आइआइटी, आइआइएम और महू तक जाएंगी। परीक्षा खत्म होने के बाद शाम 5 बजे से वापसी की व्यवस्था भी रहेगी। सभी केंद्रों पर बिजली की निर्बाध व्यवस्था के साथ जनरेटर बैकअप भी रखा है।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि यह संवेदनशील परीक्षा है, इसलिए सुरक्षा, गोपनीयता और व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। कलेक्टर की ओर से सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं।